आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- सांसद विष्णु पद रे ने बताया कि चाथम से बम्बूफ्लाट के बीच पुल बनाने के लिए जल्द ही बजट स्वीकृत होगा।
- आज भारतीय तटरक्षक बल अपना उनचासवां स्थापना दिवस मना रहा है।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज आम बजट पेश करेंगी।
- केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने गाराचरमा प्रायोगिक फार्म में "जैविक एकीकृत कृषि प्रणाली" पर क्षेत्र निदर्शन का आयोजन किया।

<><><><><><><>

द्वीपों में चाथम से बम्बूफलाट के बीच पुल बनने का रास्ता अब लगभग साफ हो गया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संचार और पूर्वोत्तर राज्यों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखे एक पत्र में इस पुल के निर्माण के संबंध में वर्तमान स्थिति से अवगत कराया है। श्री गडकरी ने बताया कि इस पुल की फाइनल डीपीआर लगभग पूरी होने वाली है। साथ ही इस पुल को लेकर पत्तन प्रबंधन बोर्ड तथा अण्डमान निकोबार कमान से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल गया है। द्वीपों के सांसद विष्णु पद रे ने बताया कि लगातार प्रयासों से जल्द ही इस पुल के लिए बजट स्वीकृत होगा।

<><><><><><><>

आज भारतीय तटरक्षक बल अपना उनचासवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने भारतीय तटरक्षक बल के सभी सदस्यों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय तटरक्षक बल एक मजबूत समुद्री बल के रूप में विकसित हुआ है, जो हमारे समुद्रों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। द्वीप समूह में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह इन प्राचीन द्वीपों की सुरक्षा को मजबूत करते हुए स्थानीय समुदायों के लिए एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में काम करता है। अवैध घुसपैठरोधी अभियानों, दूरदराज के द्वीपों की निगरानी और संयुक्त तटीय गश्ती दल जैसे पुलिस और वन कर्मियों को सहयोग प्रदान करता है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के दौरे पर आए रक्षा मंत्रालय के डीजीएएफएमएस के वरिष्ठ सलाहकार मेडिसिन सर्जन रियर एडमिरल विवेक हांडे ने कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मेडिकेयर और इंफ्रा के उन्नयन, विशेष रूप से कार्डियो सुविधाएं और विशेषज्ञता के आपसी आदान–प्रदान पर चर्चा की।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज आम बजट पेश करेंगी। इससे पहले वित्त मंत्री ने कल नई दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में बजट बनाने की प्रक्रिया में शामिल सचिवों और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे।

इस बीच दिल्ली के समाचार सेवा प्रभाग की ओर से केन्द्रीय बजट पर आज सुबह दस बजकर दस मिनट से रात्रि दस बजे तक परिचर्चा प्रसारित की जाएगी। जिस कारण आज शाम का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर सात बजकर पचास मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

वित्त वर्ष–दो हजार पच्चीस में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। कल संसद के दोनों सदनों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया। आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। इसमें उल्लेख किया गया है कि देश ने कृषि और सेवा क्षेत्र द्वारा समर्थित स्थिर आर्थिक विकास प्रदर्शित किया है। सब्जियों की कीमतों में मौसमी कमी और खरीफ की फसल की आने के साथ वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस की चौथी तिमाही में खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आने की संभावना है। रोजगार के बारे में, सर्वेक्षण में कहा गया है कि दो हजार तेइस–चौबीस की वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार पन्द्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर दो हजार सत्रह–अट्ठारह में छह प्रतिशत से लगातार घटकर दो हजार तेइस–चौबीस में तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गई है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने कल अपने गाराचरमा प्रायोगिक फार्म में "जैविक एकीकृत कृषि प्रणाली" पर क्षेत्र निदर्शन का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य एकीकृत कृषि प्रणाली के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए पेड़, फसल और पशु संयोजन के संभावित लाभों के प्रति किसानों को जानकारी देना था। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. टी. सुब्रमणि ने सब्जी की पैदावार में सुधार के लिए विभिन्न कृषि पद्धतियों के बारे में बताया। उन्होंने कृषि आय बढ़ाने और किसानों के लिए रोजगार पैदा करने के लिए द्वीप कृषि प्रणाली में विविधता लाने के महत्व पर ज़ोर दिया। दक्षिण अंडमान के कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. वाई. रामकृष्ण ने द्वीपों में जैविक एकीकृत कृषि प्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कुल बीस किसान शामिल हुए।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में कल ग्रेट निकोबार आइलैंड प्रोजेक्ट के समग्र विकास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नितेश कुमार व्यास, मंत्रालय के अन्य अधिकारी, दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, निकोबार ज़िला उपायुक्त अमित काले और जी एन आई के कार्यकारी निदेशक उपस्थित थे। बैठक में परिवहन, बिजली, सड़क विस्तार, जल आदि पर चर्चा की गई। इसके अलावा परियोजना के लिए आवश्यक राजस्व भूमि, बंदरगाह अधिग्रहण, वन सीमांकन, जैसे विषयों पर भी बैठक में चर्चा हुई।

<><><><><><><>

फीनिक्स बे पावर हाउस के क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे को बदलने और नयागांव फीडर में विभिन्न स्थानों पर एयर ब्रेक स्विच का रखरखाव कार्य किए जाने के कारण द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में आज सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में लाइट हाउस, फीनिक्स बे, फिशरीज जेट्टी क्षेत्र, अनारकली, दिलानीपुर, क्वारी हिल, फोंगीचांग, फोरशोर रोड, मेगापोड, टील हाउस, हॉर्टिकल्चर रोड, राजस्थान मंदिर, एएलएचडब्ल्यू कॉलोनी, हवाघर जंक्शन, दूध लाइन, नयागांव, बरगद लाइन, जीपीआरए कॉलोनी, कार्वाइन्स जंक्शन और मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी कैम्पबेल के आज दिन में बारह बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में दो सौ पचास से अधिक यात्री सवार है। जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथन ''देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है सरकार'' को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में आज वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी– इस खबर को द्वीप समाचार ने बॉक्स में प्रकाशित किया है। फरारगंज के वृद्धाश्रम में आयुष्मान भारत कार्ड के लिए अभियान आयोजित करने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने सचिन तेदुलकर को बीसीसीआई लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा के समाचार को अपने खेल पृष्ठ में प्रमुखता दी है। इंफो इंडिया ने डिगलीपुर में बाल वाटिका शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>